भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
07.08.2024 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2759 का उत्तर

हैदराबाद से विभिन्न शहरों के लिए और अधिक रेलगाड़ियों की आवश्यकता

2759. श्री माधवनेनी रघुनंदन राव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पता है कि हैदराबाद से विभिन्न शहरों के लिए और अधिक रेलगाड़ियों की आवश्यकता है;

(ख) यदि हां, तो इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार की योजनाओं का ब्यौरा क्या है तथा हैदराबाद की यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 2024-2025 में नई रेलगाड़ियां शुरू करने की सरकार की क्या योजनाएं हैं; और

(ग) नई रेलगाड़ियों के लिए तेलंगाना में विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर भीड़भाड़ कम करने के लिए क्या कदम उठाने का प्रस्ताव हैं?

उत्तर
रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): सिकंदराबाद/काचीगुड़ा के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, जनवरी, 2023 से 4 जोड़ी वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाओं अर्थात् 20701/20702 सिकंदराबाद-तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस, 20703/20704 काचीगुड़ा-यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, 20707/20708 सिकंदराबाद-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस और 20833/20834

विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की गई हैं। इसके अलावा, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहर भी क्रमशः 10 जोड़ी, 10 जोड़ी, 4 जोड़ी, 5 जोड़ी गाड़ी सेवाओं द्वारा सिकंदराबाद से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान विशेष गाड़ी सेवाएं भी संचालित करती है और अतिरिक्त मांग को पूरा करने के लिए स्थायी और अस्थायी दोनों आधार पर रेलगाड़ियों के लोड को बढ़ाती है। वर्ष-2022 के दौरान परिचालित विशेष गाडियों की संख्या 7454 थी जबकि 2023 में 11376 थी। इसके अलावा, भारतीय रेल पर नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत करना सतत् प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

*****